

# नपा में नियमों को ताक पर रखकर दिए जा रहे टेंडर : रीतेश

## प्रेसवार्ता में कांग्रेस पार्षद बोले नपा ने टैंकर से पानी देने के नाम पर फूंक दिए 2 करोड़, कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद अशोकनगर में व्याप्त वित्तीय अनियमितताओं और मनमानी को लेकर विपक्ष ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस और नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष रीतेश जैन आजाद ने बुधवार को रेस्टहाउस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा दल के नपा अध्यक्ष और प्रभारी सीएमओ की जुगलबंदी ने नगर पालिका को एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनाकर रख दिया है और अपने मनमुताबिक कार्य कर रहे है, जहां पहले कार्य हो जाते है और उसके बाद टैंडर निकाले जाते है। यह टैंडर भी अपनी पंसदीता फार्मो को दिये जाते है।



प्रेसवार्ता के दौरान नेता प्रतिपक्ष ने दस्तावेज दिखाते हुए आरोप लगाया कि नियमों के विपरीत सिंगल टेंडर पर ही काम आवंटित किए जा रहे हैं। सबसे चौंकाने वाला मामला यह सामने आया है कि टेंडर खुलने से पहले ही ठेकेदारों द्वारा काम पूरे कर लिए गए। इस दौरान उन्होंने विसर्जन कुंड पेंटिंग के बारे में बताते हुए कहा कि यह कार्य 5 लाख रूपये का है, जिसका टेंडर 20 मई को खुलना था, लेकिन 11 मई को उद्घाटन से पहले ही पेंटिंग पूरी हो गई। वहीं उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण पेंटिंग के बारे में बताया कि यह कार्य का करीब 10 लाख का टेंडर 25 मई को खुलना था, मगर काम 15 मई से पहले ही कार्य निपटा दिया गया। साथ ही उन्होंनें संजय स्टेडियम में 2 करोड़ के निर्माण कार्य की घोषणा तो कर दी गई, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि एमपी टेंडर साइट पर इसका कोई टेंडर ही मौजूद नहीं है। इसके अलावा अन्य कार्यो के टैंडरो के बारे में भी बताया गया। प्रेसवार्ता के दौरान कांग्रेस पार्षद पार्षद किरण कुशवाह सहितअन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

**पानी के नाम पर 1.97 करोड़ का खेल :** प्रेसवार्ता के दौरान पार्षद रीतेश जैन ने पेयजल आपूर्ति पर निशाना साधते हुए कहा कि विगत 4 वर्षों में टैंकरों के माध्यम से करीब 1 करोड़ 97 लाख रुपए का तथा कथित पानी पिलाया जा चुका है। इसके अलावा 4000 लीटर की क्षमता वाले टैंकर जो करीब पौने दो लाख में आते हैं, उन्हें सीएमओ ने 5.1 लाख प्रति टैंकर के हिसाब से दोगुनी से भी ज्यादा राशि पर खरीदा गया है। वहीं इस बार पानी के टैंकरों की दरे विगत वर्षो की तुलना में काफी कम है, जो की एक सोचनीय विषय है।

**विपक्ष के वार्डों के साथ सौतेला व्यवहार :** वार्ड क्रमांक 18 नेता प्रतिपक्ष का स्वयं का वार्ड है उनके साथ हो रहे पक्षपात को उजागर करते हुए उन्होंने बताया कि गणेश मंदिर गली और प्रोफेशन रोड पर डामरीकरण का टेंडर जुलाई 2025 में निकाला गया था, लेकिन 9 महीने बीत जाने के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ। वहीं जिन ठेकेदारों द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा उन्हें ब्लैकलिस्ट करने के बजाय उन्हें बचाया जा रहा है। वहीं उन्होंने आरोप लगाया कि नियमों की बात करने वाले कांग्रेसी नेताओं और उनके वार्ड की जनता को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है और भाजपा प्रशासन विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रहा है।

### एक तरफ शहर में ढाई लाख में बन रहा गरीब का घर उधर 5 लाख में हुई सीएमओ आवास की मरम्मत

नपा नेता प्रतिपक्ष ने प्रभारी सीएमओ पर भी कई गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जहां एक ओर ढाई लाख रूपये शहर में गरीबो के घर बनकर तैयार हो रहे है, तो वहीं प्रभारी सीएमओ ने अपने सरकारी आवास की मरम्मत पर ही करीब 4 लाख 60 हजार रूपये फूंक दिए। आवास मरम्मत की निविदा हुई थी, इसमें सिंगल फार्म आई और उसके द्वारा ही काम किया गया और उसे ही पैसो का भुगतान दे दिया गया है।

**इनका कहना है।**

कांग्रेस पार्षद द्वारा जो आरोप लगाए है वह अज्ञानतावंश लगाए है, जो कि निराधारा, विसर्जन कुंड का टैंडर पिछले वर्ष हुआ था। वहीं जो पानी के टैंकर खरीदे गए है, उसकी सारी ऑनलाइन प्रक्रिया है।

**विनोद उन्नीतान, सीएमओ**
**नगरपालिका अशोकनगर**



# पीएम आवास के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित

**शहर में रहने वाले 98 लोगों को मिली किश्त**

**द्वितीय चरण के अंतर्गत आई है पीएम आवास की राशि**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के द्वितीय चरण के अंतर्गत स्वीकृत 98 आवास हितग्राहियों को प्रथम किस्त के रूप में एक-एक लाख रुपये की राशि प्रदान करते हुए स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने सभी हितग्राहियों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को पक्का एवं सुरक्षित आवास उपलब्ध कराना है। उन्होंने हितग्राहियों से समयबद्ध तरीके से आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने का आग्रह किया। इस मौके पर वरिष्ठ पार्षद महेंद्र भारद्वाज, डॉ. जयमंडल यादव, विपिन शिवहरे, सहित सीएमओ विनोद उन्नीतान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### मोदी बने सर्वाधिक कार्यकाल वाले देश के पहले प्रधानमंत्री कार्यकर्ताओं ने मंदिर पर किया हनुमान चालीसा का पाठ

**नवभारत अशोकनगर।** केंद्र की भाजपा सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के ऐसे पहले प्रधानमंत्री बन गये हैं जिन्होंने लगातार तीन बार देश के प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए 10 मई को अपना सर्वाधिक समय प्रधानमंत्री पद पर रहने का कीर्तिमान बनाया। जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि इससे पहले कांग्रेस सरकार के पंडित जवाहरलाल नेहरू तीन बार प्रधानमंत्री रहे, लेकिन श्री मोदी उनसे भी अधिक समय से देश के प्रधानमंत्री हैं। श्री मोदी के ऐतिहासिक कार्यकाल के उपलक्ष में भाजपा जिला अध्यक्ष के मार्गदर्शन में अशोकनगर नगर मंडल द्वारा तार बाले बालाजी मंदिर पर जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बुधवार को प्रात: काल हनुमान चालीसा का पाठ, रामधुन संकीर्तन,आरती, पूजन किया एवं प्रसाद वितरण किया। इस दौरान पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष भानु रघुवंशी, धर्मेंद्र रघुवंशी, सलिल त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन, बबलू यादव, सनत शर्मा, संजीव भरिल्ल, माधोराज यादव, श्रीमती लखन यादव , प्रशांत गोस्वामी ,योगेश खेरा, कमल लोधी , रामवीर धनोरिया ,सौरभ शर्मा ,शिवकांत शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रूठियाई-बीना ट्रेन के फेरे बढ़ाने और नई ट्रेनों की मांग, सिंधिया को लिखा पत्र

**नवभारत अशोकनगर।** मध्य भारत के सुप्रसिद्ध जैन तीर्थ श्री अतिशय क्षेत्र पुण्योदय तीर्थ बजरंगगढ़ और गुना के बृषभाचल नशियां जी में आगामी 16 जून से 23 जून तक भव्य श्रीमद् जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। राष्ट्रसंत मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ (18 पिच्छिका) के सान्निध्य में होने वाले इस विशाल आयोजन को लेकर क्षेत्र में भारी उत्साह है। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए पूर्व सांसद प्रतिनिधि विजय धुर्रा ने केंद्रीय मंत्री व स्थानीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखकर इस दौरान अंचल की लाइफलाइन मानी जाने वाली रूठियाई-बीना ट्रेन के दो अतिरिक्त फेरे लगाने की मांग की है। इसी सिलसिले में अशोकनगर जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कांसल, विपिन सिंघई और नितिन जैन ने रेल सलाहकार समिति के सदस्य सुनील आचार्य को रेलवे स्टेशन पहुंचकर एक मांग पत्र सौंपा। इस पत्र के माध्यम से इंदौर, दिल्ली और जैन समाज के सर्वोच्च तीर्थ सम्मेद शिखरजी के लिए ट्रेनों की सुविधाएं बढ़ाने की मांग की गई। जैन समाज अध्यक्ष राकेश कांसल ने जोर देकर कहा कि वर्षाकाल में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मेद शिखरजी की यात्रा करते हैं, इसलिए शिखरजी ट्रेन को नियमित करने से पूरे अंचल के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

# वेतन और स्कूल की मांग को लेकर प्रदर्शन

## आशा और सुपरवाइजरों ने दिया 5 घंटे धरना, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** आशा एवं सुपरवाइजर कार्यकर्ता महासंघ द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट गेट के सामने करीब 5 घंटे तक धरना-प्रदर्शन किया गया। भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष हरि सिंह रघुवंशी (हैरी) के नेतृत्व और महासंघ की प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा पटेल की उपस्थिति में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने एक रैली निकाली। इसके पश्चात मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के प्रतिनिधि को 14 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया, जिसका वाचन पूजा पटेल ने किया।

ज्ञापन में मुख्य रूप से 6 सितंबर 2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को याद दिलाया गया, जिसमें प्रत्येक आशा कार्यकर्ता और सुपरवाइजर के मानदेय में प्रतिवर्ष 1000 की वृद्धि शामिल थी, जो आज तक लागू नहीं हुई है। वर्तमान में केंद्र, राज्य और एनएचएम द्वारा अलग-अलग किस्तों में मिलने वाली राशि कई महीनों तक रुकी रहती है। अधिकारियों द्वारा कभी बजट का अभाव तो कभी सॉफ्टवेयर खराब होने का बहाना बनाया जाता है। महासंघ ने मांग की है कि पूर्व की तरह यह राशि एकमुश्त दी जाए ताकि कम पढ़ी-लिखी कार्यकर्ताओं को आर्थिक संकट और मानसिक हताशा का सामना न करना पड़े।



### मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में ये रखीं मांगें

प्रदर्शन के बाद सौंपे गए ज्ञापन में आशा वर्कर्स को 18,000 और आशा सहयोगिनियों को 24,000 प्रतिमाह वेतन दिया जाए। इसके अलावा ईपीएफ, ईएसआई और पेंशन के दायरे में लाया जाए। वहीं दुर्घटना या मृत्यु पर 5 लाख का मुआवजा और सेवानिवृत्ति पर 10 लाख का एकमुश्त भुगतान मिले। साथ ही भ्रमण के लिए इलेक्ट्रिक स्कूटी, मोबाइल/टैबलेट के साथ इंटरनेट बैलेंस और यात्रा भत्ता दिया जाए और योग्यता के आधार पर एएनएम पद पर पदोन्नति, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करना, वर्ष में दो बार यूनिफॉर्म, मातृत्व अवकाश और अस्पतालों में विश्राम स्थल की व्यवस्था की जाने की मांग की गई।

# त्रिलोकपुरी में युवक की संदिग्ध मौत परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**लेन-देन को लेकर दो दिन पहले हुआ था विवाद**

**घर के पास मां को तड़पता मिला था मृतक**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शहर की त्रिलोकपुरी कॉलोनी में मंगलवार शाम 35 वर्षीय नितेश उर्फ गोलू रघुवंशी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घर के पीछे युवक को तड़पता देख परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतक के पिता राम सिंह रघुवंशी ने आरोप लगाया है कि दो दिन पहले पैसों के लेनदेन के विवाद में कुछ लोगों ने गोलू के साथ मारपीट की थी और उसका मोबाइल छीन लिया था। परिजनों को आशंका है कि इसी रंजिश के चलते गोलू की हत्या की गई है।

**अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम-** मंगलवार की शाम नितेश की मां ने उसे घर के पीछे गंभीर हालत में तड़पते हुए देखा था। परिजन आनन-फानन में उसे ऑटो से अस्पताल लेकर भागे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और सच्चाई का पता लगाने के लिए घटनास्थल के आसपास लगे है।



# यातायात पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

**बताया रास्ता रोके जाने पर लग सकता है जुर्माना**

**एंबुलेंस को मिले निर्बाध मार्ग, तभी बचेगा अनमोल जीवन**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराकर बहुमूल्य जीवन बचाने के उद्देश्य से जिला पुलिस द्वारा एक विशेष यातायात प्रबंधन एवं जनजागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में यातायात थाना प्रभारी मनीष सिंह चौहान ने अपनी टीम के साथ शासकीय जिला चिकित्सालय के मुख्य द्वार से पछाड़ीखेड़ा मार्ग तक एम्बुलेंस के आवागमन को सुगम बनाने के लिए विशेष मार्ग चिन्हित कराया। इस दौरान इस मार्ग पर सफेद रंग से लाइन मार्किंग की गई और AMBLANCE ROUTE - EMERGENCY PATH" ROUD SAFETY एवं धारा194 E मोटर वाहन अधिनियम - एम्बुलेंस का रास्ता रोकना दंडनीय अपराध है जैसे संदेशों वाले जागरूकता बैनर लगाए गए। इस दौरान प्रधान आरक्षक रामकृष्ण कश्यप, आरक्षक देवेन्द्र, आरक्षक मंगलगढ़वाल और नागरिक स्वयंसेवक बीडी राय ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं टीम ने लाउडस्पीकर के माध्यम से आमजन को जागरूक करते हुए बताया कि एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड को रास्ता न देना कानूनी अपराध है।



# चंदेरी सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर संपन्न

**अशोनगर।** चंदेरी के सिविल हॉस्पिटल में बुधवार को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के जागरूक नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस पुनीत कार्य में समाजसेवी, अधिवक्ताओं, पत्रकारों, शासकीय सेवकों और जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर कुल 30 यूनिट रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ चिकित्सक एवं नोडल अधिकारी डॉ. पंकज गुप्ता के मार्गदर्शन में हुआ। रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से जयेन्द्र जैन निप्पू, पार्षद अमित सोमानी, पत्रकार उमेश श्रोत्रिय, गौरव माथुर, पार्षद पीयूष बुंदेला और उनकी टीम शामिल रही। इसके साथ ही एडवोकेट निर्मल विश्वकर्मा, संदीप श्रीवास्तव, अमित जैन, पत्रकार दिनेश प्रजापति, बीएमओ डॉ. प्रशांत दुबे और मंडल अध्यक्ष राहुल शेषा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। इस शिविर में एक अनूठा नवाचार भी देखने को मिला। शिविर प्रभारी डॉ. गुप्ता की पहल पर रक्तदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समाजसेवी सकूलाल रैकवार और धनंजय परमार का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। इस दौरान अशोकनगर ब्लड बैंक की टीम, डॉ. योगेश मिश्रा और स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ मौजूद रहा।





## धार्मिक

## ऐतिहासिक नगरी में कलश यात्रा के दौरान उमड़ा जन सैलाब

# भक्तिमय माहौल में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** पुरुषोत्तम अधिकमास के पावन अवसर पर स्थानीय श्री जानकीनाथ शनि मंदिर में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। माहेश्वरी समाज द्वारा आयोजित यह सात दिवसीय आध्यात्मिक महोत्सव 7 मई से 13 मई तक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

कथा के प्रथम दिन नगर में एक विशाल कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर, मधुर भजनों की थाप पर झूमती नजर आईं। गाजे-बाजे और धार्मिक जयकारों के साथ यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई श्री जानकीनाथ मंदिर पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ भागवत महापुराण की पोथी को व्यासपीठ पर विराजमान किया गया।



इस धार्मिक अनुष्ठान में अयोध्या से आए कथावाचक दिव्यांशु महाराज व्यासपीठ पर सुशोभित हैं। कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महाराज श्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा कलियुग में भटकते जीवों के कल्याण, दुखों के निवारण और मोक्ष प्राप्ति का सर्वोत्तम साधन है। यह कोई साधारण ग्रंथ नहीं, बल्कि साक्षात श्रीहरि का वांग्मय स्वरूप है, जिसके श्रवण मात्र से जन्म-जन्मांतर के पाप मिट जाते हैं। सनातन धर्म के 18 पुराणों में से एक यह पवित्र ग्रंथ मानव जीवन को भक्ति, ज्ञान और धर्म का मार्ग दिखाता है, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का रसपूर्ण वर्णन है।

# ABVP ने बताई कॉलेज में अव्यवस्थाएं

**महाविद्यालय का निरीक्षण कर सौंपा ज्ञापन**

**प्रयोगशाला में प्रतीकात्मक रूप से जड़ा ताला**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने चंदेरी के शासकीय महाविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को लेकर मोर्चा खोल दिया है। परिषद के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज का औचक निरीक्षण करने के बाद उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक को एक ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

निरीक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं ने पाया कि महाविद्यालय में कई प्राध्यापक और कर्मचारी अपनी ड्यूटी से नदारद थे, जिसके कारण नियमित कक्षाएं प्रभावित हो रही हैं और शैक्षणिक माहौल पूरी तरह निष्क्रिय बना हुआ है। वहीं ज्ञापन में शिक्षक और कर्मचारियों की बायोमेट्रिक या नियमित उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने सहित अन्य सुधार की मांग की गई।

**प्रयोगशालाओं पर जड़ा ताला :** जब ABVP कार्यकर्ताओं ने कॉलेज की प्रयोगशालाओं और कंप्यूटर लैब की हकीकत देखनी चाही, तो उन्हें अंदर जाने से रोक दिया गया। इसके विरोध में भड़के कार्यकर्ताओं ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए प्रयोगशालाओं पर प्रतीकात्मक ताला जड़ दिया।


## आम सूचना

श्री हरिओम सिंह पुत्र श्री प्राण सिंह रघुवंशी के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति, भूखण्ड क्र.12 स्थित ग्राम शंकरपुर पछार, मगरदा, तोरिया रोड, प.ह.नं.26 अशोक नगर, तहसील एवं जिला अशोक नगर (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.154/2/3/ग/2मिन एवं 154/1/ग/2/मिन 1 ग्राम शंकरपुर पछार का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 600 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है-पूर्व में रास्ता 20 फुट चौड़ा, पश्चिम में-भवन एवं भूखण्ड दीगर, उत्तर में भूखण्ड क्र. 11 प्रजापति एवं दक्षिण में भूखण्ड क्र.13 दीगर है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री प्रताप सिंह एवं श्री किशन लाल पुत्रगण श्री कालूराम के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री किशनलाल का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, श्रीमती काशी बाई पत्नी स्व. श्री किशनलाल, श्री मनोज पुत्र श्री किशनलाल एवं श्रीमती बबीता, श्रीमती ज्योति, जानकी (नाबालिग) एवं संजना (नाबालिग) पुत्रियां श्री किशनलाल उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्रीमती काशीबाई, श्री मनोज एवं श्रीमती बबीता द्वारा सम्पत्ति रकया 0.418 हैक्टेयर एरिया श्री हरिओम सिंह पुत्र श्री प्राग सिंह रघुवंशी, श्री विजय सिंह पुत्र श्री परमाल सिंह एवं श्री रामकृष्णा पुत्र श्री नाथूराम शाक्य को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी471192019ए 1473578 दिनांक 04.07.2019 से विक्रय की गई। श्री हरिओम सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती पूजा केवट पत्नी श्री निलेश केवट के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती पूजा केवट द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान मैसर्स चोलामण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फायनेंस कं. लि. (सी.आई.एफ.सी.एल.) गुना के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को एवं श्री किशनलाल के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरूद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो।

प्रेषक
**नीरज जैन, एडवोकेट**
कार्या.-भवन क्र.52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710